C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 27 | बिजौलिया - गुरुवार,27 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## बदलते राजस्थान में निवेश करें प्रवासी राजस्थानी : भजनलाल

**सीएम ने कहा निवेशकों और मातृभूमि, दोनों के लिए होगा 'विन-विन' का अवसर; जल, बिजली और सड़क सहित इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का फोकस**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से बदलते राजस्थान में अधिकतम निवेश करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किया गया निवेश निवेशकों के साथ-साथ उनकी मातृभूमि राजस्थान के लिए भी लाभकारी साबित होगा। राज्य सरकार निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने और उद्योगों के लिए सुविधाओं का विस्तार करने पर विशेष जोर दे रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को राजस्थान फाउंडेशन के देश-विदेश स्थित आठ चैप्टर के प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल, बिजली और सड़क सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इन परियोजनाओं से निवेशकों के लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और राजस्थान में निवेश का माहौल और मजबूत होगा।





**'कर्मभूमि से मातृभूमि' से जुड़ रहे प्रवासी**

सीएम ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी दुनियाभर में राजस्थान की संस्कृति, परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों ने अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'विकास भी, विरासत भी' के विजन के अनुरूप राज्य सरकार शेखावाटी की 662 ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण की दिशा में भी काम कर रही है।

**राजस्थान फाउंडेशन को मजबूत करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने राजस्थान फाउंडेशन को प्रवासी राजस्थानियों और प्रदेश के बीच संपर्क की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए चैप्टर की नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के सुझाव और अनुभव प्रदेश के विकास में उपयोगी साबित हो सकते हैं। साथ ही राजस्थान फाउंडेशन की युवा एवं महिला विंग को जल्द सक्रिय करने के निर्देश दिए।

**देश-विदेश में 40 चैप्टर**

राजस्थान फाउंडेशन के देश-विदेश में कुल 40 चैप्टर हैं। पहले चरण में मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद, दिल्ली, दोहा, पुणे, सूरत, म्यूनिख, कुवैत और मस्कट के आठ चैप्टर के प्रतिनिधियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री हर माह सभी चैप्टर की निवेश संबंधी गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हैं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 123 किलो डोडा पोस्त जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**क्रेटा कार और दो फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद, अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 18 लाख रुपए**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला पुलिस की डीएसटी टीम और थाना पुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 123.550 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डोडा पोस्त के परिवहन में प्रयुक्त क्रेटा कार और दो फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की हैं। बरामद डोडा पोस्त की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 18 लाख रुपए बताई गई है।

कार्रवाई पुर थानाधिकारी कन्हैयालाल तथा डीएसटी प्रभारी के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार 26 अगस्त की सुबह डीएसटी टीम गश्त और संदिग्ध बदमाशों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की ओर एक क्रेटा कार में संदिग्ध व्यक्ति अवैध सामग्री लेकर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम हजारी खेड़ा चौराहे पर पहुंची और संदिग्ध क्रेटा कार को रुकने का इशारा किया।

पुलिस को देखते ही चालक ने कार को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने स्टॉप स्टिक लगाकर कार को रोका, जिससे उसके टायर पंचर हो गए। चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया, जबकि कार में बैठे दूसरे व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया।

पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम अनुज कुमार विश्नोई (24) पुत्र राजेश बिश्नोई, निवासी बड़वा, तहसील एवं थाना सिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा बताया। उसने कार चालक का नाम विक्रम विश्नोई बताया। पूछताछ में कार में अवैध डोडा पोस्त होना सामने आया। तलाशी के दौरान पुलिस ने सात कट्टों में भरा कुल 123.550 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।

पुलिस ने मौके से क्रेटा कार तथा दो फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की हैं। मामले में आरोपी अनुज कुमार विश्नोई को गिरफ्तार कर थाना पुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस फरार आरोपी विक्रम विश्नोई की तलाश के साथ मामले में आगे अनुसंधान कर रही है।

कार्रवाई में थाना पुर और डीएसटी भीलवाड़ा की टीम शामिल रही। पुलिस के अनुसार टीम के सदस्यों ने संदिग्ध वाहन की पहचान, घेराबंदी और मादक पदार्थ बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अवैध हथकढ़ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1300 लीटर वॉश नष्ट

**पांच भट्टियां ध्वस्त, 53 लीटर हथकढ़ शराब जब्त; आबकारी विभाग ने दर्ज किया प्रकरण**

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़/ बिजौलिया।**

अवैध हथकढ़ शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1300 लीटर उत्तेजित वॉश नष्ट की और पांच अवैध हथकढ़ शराब भट्टियों को ध्वस्त किया। टीम ने मौके से करीब 53 लीटर अवैध हथकढ़ शराब जब्त कर एक प्रकरण दर्ज किया है।

आबकारी विभाग के अनुसार कार्रवाई आबकारी आयुक्त राजस्थान नमित मेहता के निर्देश पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त अजमेर जोन राधेश्याम डेलू के निर्देशन, जिला आबकारी अधिकारी योगेश श्रीवास्तव के सुपरविजन तथा आबकारी निरीक्षक वृत माण्डलगढ़ नन्द किशोर के नेतृत्व में की गई।



**आठ क्षेत्रों में एक साथ दबिश**

भीलवाड़ा, शाहपुरा और माण्डलगढ़ के आबकारी निरोधक दलों की संयुक्त टीम ने चिताबड़ कंजर बस्ती, बिजौलियां, भोपतपुरा, मालका खेड़ा, जलिन्द्री, रघुनाथपुरा कंजर बस्ती, श्यामपुरा और मोहनपुरा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब बनाने के लिए तैयार की गई वॉश को मौके पर नष्ट किया गया तथा शराब निर्माण में इस्तेमाल हो रही भट्टियों को ध्वस्त किया गया।

**टीम की रही अहम भूमिका**

कार्रवाई में आबकारी निरोधक दल भीलवाड़ा के प्रहराधिकारी नाथूसिंह कानावत सहित जाप्ता शामिल रहा। विभाग के अनुसार प्रेम सिंह जमादार, नोलाराम व मिश्रीलाल सिपाही तथा गार्ड दुर्गालाल का कार्रवाई में विशेष योगदान रहा।

## ढाई माह बाद दर्ज हुआ साइबर ठगी का मामला, मां-बेटे के खातों से उड़ाए 2.52 लाख

**न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण, यूपीआई ट्रांजेक्शन और बैंक खातों की जांच शुरू**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे में मां-बेटे के बैंक खातों से कुल 2 लाख 52 हजार 943 रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत के बावजूद करीब ढाई माह तक मामला दर्ज नहीं होने पर पीड़ित ने सिविल न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद थाना पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिजौलिया निवासी रमेश खटीक ने न्यायालय में परिवाद पेश कर बताया कि 27 मई की रात उसके बैंक खाते से उसकी जानकारी और अनुमति के बिना यूपीआई के जरिए लगातार संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए। बैंक खाते की जानकारी लेने पर उसके खाते से अलग-अलग लेनदेन के जरिए 2 लाख 45 हजार 943 रुपए निकाले जाने की जानकारी सामने आई। इनमें कुछ ट्रांजेक्शन विक्कसिल्वर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर किए जाने की बात सामने आई।

परिवाद के अनुसार साइबर ठगों ने रमेश की माता कांती देवी खटीक के बैंक खाते को भी निशाना बनाया। उनके खाते से भी 7 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। इस तरह दोनों खातों से कुल 2,52,943 रुपए की राशि निकाले जाने का आरोप है।

पीड़ित का कहना है कि उसने इनमें से कोई भुगतान या ट्रांसफर स्वयं नहीं किया। घटना के बाद उसने संबंधित स्तर पर शिकायत कर राशि वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन मामला दर्ज नहीं होने पर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक खातों, यूपीआई ट्रांजेक्शन, लाभार्थी खातों और लेनदेन से जुड़े तकनीकी रिकॉर्ड की जांच कर रही है। रकम किन खातों में पहुंची और साइबर ठगी को किस तरीके से अंजाम दिया गया, इसका पता लगाया जा रहा है। पीड़ित ने ठगी की राशि बरामद कराने, संदिग्ध खातों को फ्रीज कराने तथा आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जीएसटी विभाग का बड़ा एक्शनः पांच प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई, 66.95 लाख की कर देयता सामने

**टर्नओवर छिपाने, अघोषित स्टॉक, अपात्र इनपुट और बिना बिल कारोबार की अनियमितताएं उजागर; 65.95 लाख रुपए स्वेच्छा से जमा**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राज्य वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने कर चोरी पर अंकुश लगाने और राजस्व संरक्षण के लिए 21 व 22 अगस्त को प्रदेश के विभिन्न जिलों में बड़ी कार्रवाई की। अजमेर, जोधपुर, मकराना और कोटपूतली-बहरोड़ में पांच प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं सर्च किया गया। कार्रवाई के दौरान टर्नओवर छिपाने, अघोषित स्टॉक, अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) और बिना उचित बिलिंग के कारोबार से जुड़ी अनियमितताएं सामने आईं। विभाग के अनुसार इन मामलों में कुल 66.95 लाख रुपए की संभावित/चिह्नित कर देयता सामने आई, जिसमें से 65.95 लाख रुपए स्वेच्छा से जमा करवा लिए गए।

**अजमेर में दो सैनिटरीवेयर प्रतिष्ठानों पर सर्वे**

अजमेर में नीरज सेल्स कॉरपोरेट और यूनिक बाथकेयर के परिसरों का सर्वे किया गया। दोनों प्रतिष्ठान सैनिटरीवेयर एवं बाथ केयर उत्पादों के कारोबार से जुड़े हैं। भौतिक स्टॉक के सत्यापन में घोषित स्टॉक से अधिक माल मिला। इससे अघोषित स्टॉक और टर्नओवर छिपाने की आशंका सामने आई। टीम ने लूज पेपर, रजिस्टर और नोटबुक सहित संबंधित रिकॉर्ड जब्त किए।

दोनों मामलों में करीब 20-20 लाख रुपए की संभावित देयता सामने आई। नीरज सेल्स कॉरपोरेट ने 10 लाख और यूनिक बाथकेयर ने 5 लाख रुपए इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर में जमा किए हैं। दोनों मामलों में आगे की जांच जारी है।

**जोधपुर में 8.46 लाख का प्रतिबंधित ITC**

जोधपुर की बीआरएस कंस्ट्रक्शन कंपनी में निरीक्षण के दौरान प्रारंभिक जांच में ऐसी फर्म से 8.46 लाख रुपए का प्रतिबंधित ITC लिया जाना सामने आया, जो पहले से रद्द थी। विभाग ने मामले में करीब 12 लाख रुपए की संभावित कर देयता का आकलन किया है।

**मकराना में बिना बिल खरीद-बिक्री की जांच**

मकराना स्थित सर्वेश्वर ट्रेडिंग कंपनी में प्लाईवुड, टिम्बर और लैमिनेटेड वुड कारोबार से संबंधित जांच की गई। विभाग को बिना उचित बिल खरीद-बिक्री और ITC के माध्यम से कर देयता के समायोजन की सूचना मिली थी। निरीक्षण में लूज पेपर सहित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड मिले। मामले में करीब 12 लाख रुपए की संभावित देयता सामने आई, जिसमें से 5 लाख रुपए इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर के माध्यम से जमा किए गए हैं।

**सोलर कंपनी ने जमा किए 45.96 लाख**

कोटपूतली-बहरोड़ के नीमराना क्षेत्र स्थित रानीपुरा सोलर प्राइवेट लिमिटेड में सर्च कार्रवाई की गई। BO-Web पोर्टल के विश्लेषण और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर कंपनी द्वारा निर्माण/वर्क कॉन्ट्रैक्ट गतिविधियों में प्रतिबंधित ITC का लाभ लेने की जानकारी सामने आई। विस्तृत सत्यापन के बाद कंपनी ने 45 लाख 95 हजार 987 रुपए का प्रतिबंधित ITC स्वेच्छा से जमा किया। मामले में अभिलेखों की जांच जारी है।

**डेटा एनालिटिक्स से चिन्हित हो रहे संदिग्ध मामले**

जीएसटी विभाग के अनुसार कार्रवाइयों का उद्देश्य करदाताओं को परेशान करना नहीं, बल्कि निष्पक्ष कर व्यवस्था, पारदर्शी व्यापारिक व्यवहार और राजस्व संरक्षण सुनिश्चित करना है। विभाग डेटा एनालिटिक्स, BO-Web विश्लेषण, फील्ड इंटेलिजेंस और जोखिम आधारित चयन के आधार पर संदिग्ध मामलों की पहचान कर कार्रवाई कर रहा है। बिना बिल कारोबार, टर्नओवर छिपाने, अघोषित स्टॉक और अपात्र ITC का लाभ लेने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

**राधे कृष्णा हर्बल**

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड बिजोलिया MO.8426904895

**'भीलवाड़ा फोकस'**

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

## नॉर्थ जोन प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर, महेंद्र कुमार खींची आयोजन समिति के सदस्य बने

**सावन के अवसर पर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, भक्तिमय रहा वातावरण**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**



राजस्थान बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में जिला भीलवाड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित योनेक्स सनराइज इंटर स्टेट नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2 से 6 सितंबर तक फोरआर्म्स बैडमिंटन एकेडमी, सांगानेर रोड, भीलवाड़ा में आयोजित होगी। प्रतियोगिता को लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल के मार्गदर्शन में जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

आयोजन समिति के सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रतियोगिता की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। अब तक 7 राज्यों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं और प्रतियोगिता स्थल पर टेंट लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष के अनुसार महेंद्र कुमार खींची को आयोजन समिति का सदस्य बनाया गया है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि राजस्थान की टीम के 29 अगस्त की शाम को भीलवाड़ा पहुंचने की संभावना है, जबकि अन्य 6 राज्यों की टीमें 1 सितंबर को भीलवाड़ा पहुंचेंगी। सभी टीमें फोरआर्म्स बैडमिंटन एकेडमी में अभ्यास करेंगी। प्रतियोगिता के लिए फोरआर्म्स एकेडमी को तकनीकी दृष्टि से तैयार किया जा रहा है। राजस्थान बैडमिंटन संघ ने प्रतियोगिता के लिए तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति की है। वहीं, भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा प्रतियोगिता के लिए महाराष्ट्र के विनय जोशी को मुख्य निर्णायक, उत्तर प्रदेश के अजेंद्र राय को उप-निर्णायक तथा गुजरात के निकुंज परमार को मैच कंट्रोलर नियुक्त किया गया है।

## निकाय चुनाव के चलते भीलवाड़ा जिले में तीन चरणों में रहेगा सूखा दिवस

**मतदान से 48 घंटे पहले से लागू होगी शराब बिक्री पर रोक, 14 सितंबर को मतगणना के दिन भी रहेगा ड्राई डे**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

नगर निगम एवं नगर पालिका आम चुनाव 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने सूखा दिवस घोषित कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत मतदान एवं मतगणना के दौरान संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में शराब की बिक्री और परोसने पर प्रतिबंध रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि संयुक्त शासन सचिव, वित्त (आबकारी) विभाग के निर्देशों के अनुसार मतदान वाले क्षेत्रों में निर्धारित अवधि के लिए सूखा दिवस लागू रहेगा।

**9 सितंबर को मतदान वाले क्षेत्रों में**

प्रथम चरण में नगर निगम भीलवाड़ा और नगर पालिका बीगोद में 9 सितंबर को मतदान होगा। इन क्षेत्रों में 7 सितंबर शाम 6 बजे से 9 सितंबर शाम 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा।

**11 सितंबर को इन निकायों में मतदान**

द्वितीय चरण में आसींद, गुलाबपुरा, गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, माण्डलगढ़ और बिजौलिया नगर पालिकाओं में 11 सितंबर को मतदान होगा। यहां 9 सितंबर शाम 6 बजे से 11 सितंबर शाम 6 बजे तक सूखा दिवस प्रभावी रहेगा।

**14 सितंबर को मतगणना के दिन भी रोक**


नगर निकाय चुनाव की मतगणना 14 सितंबर को होगी। मतगणना दिवस पर भी संबंधित सभी नगर निकाय मुख्यालयों नगर निगम भीलवाड़ा तथा नगर पालिका आसींद, गुलाबपुरा, गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, बीगोद, माण्डलगढ़ और बिजौलिया में सूखा दिवस रहेगा।

प्रशासन के अनुसार यह प्रतिबंध संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्धारित अवधि में प्रभावी रहेगा। यदि किसी क्षेत्र में पुनर्मतदान की स्थिति बनती है तो पुनर्मतदान वाले दिन भी सूखा दिवस लागू रहेगा।

## शटडाउन के बावजूद पोल में दौड़ा करंट, लाइनमैन की मौत

**परिजनों ने हाईवे पर लगाया जाम**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।**



मृतक भेरू लाल

जिले के बनेड़ा उपखंड अंतर्गत रूपाहेली क्षेत्र में बिजली पोल पर मरम्मत कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसे में लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान डोडवानिया खेड़ा निवासी भैरूलाल जाट (35) पुत्र लेहरू लाल जाट के रूप में हुई है। इस घटना ने एक बार फिर विद्युत निगम में सुरक्षा मानकों और शटडाउन प्रक्रिया की भारी लापरवाही को उजागर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, लाइनमैन भैरूलाल जाट पोल पर मरम्मत कार्य करने चढ़ा था। नियमानुसार कार्य शुरू करने से पहले लाइन का शटडाउन लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद अचानक लाइन में हाई-वोल्टेज करंट आ गया। करंट की चपेट में आने से भैरूलाल झुलसकर सीधे पोल से नीचे आ गिरा। ?गंभीर हालत में परिजन और ग्रामीण उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उदयपुर रेफर कर दिया। हालांकि उदयपुर ले जाते समय रास्ते में गंगापुर के पास भैरूलाल ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर फैलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उग्र परिजनों और ग्रामीणों ने रायला चौराहे के पास सड़क पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शटडाउन के बाद भी करंट आना सीधे तौर पर विभागीय लापरवाही या किसी कर्मचारी की बड़ी चूक का नतीजा है। ?ग्रामीणों एवं परिजनों ने ?मृतक के आश्रितों को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा,?मृतक की पत्नी को अविलंब सरकारी नौकरी ,मृतक के 8 वर्षीय बेटे और 3 वर्षीय बेटी की पढ़ाई व भविष्य की सुरक्षा के लिए स्थायी पेंशन की व्यवस्था करने के साथ ही शटडाउन में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मंदाकिनी महाकाल मंदिर में गूंजे वैदिक मंत्र, 1008 सहस्रधारा से हुआ महादेव का अभिषेक

**सावन में शिव आराधना का विशेष आयोजन, अभिषेक के बाद महाकाल का किया आकर्षक श्रृंगार**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**





सावन मास के पावन अवसर पर बिजौलिया के मंदाकिनी महाकाल मंदिर में बुधवार को भगवान महादेव की विशेष आराधना की गई। मंदिर परिसर में 1008 सहस्रधारा रुद्राभिषेक का आयोजन विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

रुद्राभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। अभिषेक पूर्ण होने के बाद भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद श्रद्धालुओं ने महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आयोजन में आचार्य श्री शांतिलाल जोशी, पंडित राजेश शर्मा, परसराम सनाढ्य, घनश्याम मेड़तिया, गोपाल मेड़तिया, जितेंद्र सिंह चौहान, सुनील जोशी, आशीष सोमानी, दीपक जोशी, दीपांशु चित्तौड़ा, केशव पांडे, विकास राठौड़, मनोज गौड़, सत्यनारायण सर्वा, ओमप्रकाश विजयवर्गीय, शिव माली, गोवर्धन माली, रामकुमार चित्तौड़ा सहित महादेव सेना के सदस्य मौजूद रहे।

## बिजौलिया में निकला ईद-ए-मिलादुन्नबी का जुलूस, अमन और भाईचारे का दिया संदेश

**मक्का-मदीना की झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र, बड़ी संख्या में समाजजन हुए शामिल**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**





**मानव तिवाड़ी** । ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को कस्बे में मुस्लिम समाज की ओर से जुलूस निकाला गया। धार्मिक उत्साह और उल्लास के बीच निकले जुलूस में बच्चों से लेकर बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जुलूस के दौरान मक्का-मदीना की थीम पर आधारित आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

जुलूस की शुरुआत बड़ी मस्जिद से हुई। यहां से समाजजन जुलूस के रूप में पंचायत चौक, सब्जी मंडी और मेले वाली गली होते हुए तेजाजी चौक पहुंचे। इसके बाद जुलूस कब्रिस्तान स्थित मंसूर अली बाबा की दरगाह पहुंचा, जहां धार्मिक कार्यक्रमों के साथ जुलूस का समापन हुआ।

जुलूस के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते जुलूस के दौरान धार्मिक उत्साह का माहौल नजर आया। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के चलते नगर में जगह-जगह समाजजनों की भीड़ दिखाई दी।

इस अवसर पर समाजजनों ने पैगंबर मोहम्मद साहब के अमन, शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से नगर में आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## मांडल पट्टा प्रकरण में जांच की आंच, सियासत भी गरम

**पांच अनियमितताओं का उल्लेख, कार्रवाई के बाद पूर्व सरपंच ने उठाई निष्पक्षता पर उंगली**

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**

ग्राम पंचायत मांडल में निःशुल्क एवं रियायती दर पर आवासीय पट्टों के वितरण का विवाद अब प्रशासनिक जांच से आगे बढ़कर न्यायिक प्रक्रिया तक पहुंच गया है। जिला परिषद की शिकायत पर गठित जांच समिति ने पट्टा प्रक्रिया में पांच प्रमुख कमियां बताई हैं। वहीं संबंधित पक्षों ने जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए अपना पक्ष रखा है। जांच रिपोर्ट में सक्षम स्तर से नक्शा अनुमोदित नहीं होने, नक्शे का पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं किए जाने, मौके पर नियमानुसार पत्थरगढ़ी नहीं मिलने, सड़क सीमा से निर्धारित दूरी के प्रावधानों की पालना नहीं होने तथा निःशुल्क एवं रियायती पट्टों में पात्रता संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी और चयन समिति के तीन सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश तथा पुलिस प्रकरण दर्ज कराया गया। पूर्व सरपंच संजय भांडिया ने जांच रिपोर्ट को एकतरफा बताते हुए कहा कि वर्ष 1992 से 2020 तक जिस प्रक्रिया के आधार पर पट्टे जारी होते रहे, उसी प्रक्रिया को अपनाकर वर्ष 2025 में भी पात्र परिवारों को पट्टे दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक एवं निजी स्वार्थ के चलते उनके खिलाफ माहौल बनाया गया। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। वार्ड पंच मुकेश जोशी ने भी पात्रता को लेकर कहा कि किसी व्यक्ति के केवल जनप्रतिनिधि से पारिवारिक संबंध होने से उसकी पात्रता स्वतः समाप्त नहीं हो जाती।

पात्रता का निर्धारण व्यक्ति की वास्तविक स्थिति और लागू नियमों के आधार पर होना चाहिए। मामला राजस्थान हाईकोर्ट तक भी पहुंचा। एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 19715/2026 में जांच की वैधता को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंड ने 17 अगस्त 2026 के आदेश में जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप से इनकार किया। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जांच के आधार पर किसी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिकूल आदेश से पहले उसे उचित सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए।

फिलहाल जांच जारी रहने का रास्ता खुला है। अब पूरे मामले में जांच की निष्पक्षता, पूर्व वर्षों की प्रक्रिया और वर्तमान पट्टा वितरण के नियमों की तुलना सहित वास्तविक दस्तावेजों और मौके की स्थिति पर निगाह रहेगी। अंतिम स्थिति जांच और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।




QUICK BITES

## आम चौखला सेन समाज की नई कार्यकारिणी गठित, मदनलाल हीराखेड़ी अध्यक्ष

**बैठक में समाज की एकता, धार्मिक आयोजनों और सामाजिक कार्यों को गति देने का लिया संकल्प**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा आम चौखला सेन समाज मरमी माताजी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज की जनरल मीटिंग में लिए गए निर्णय के अनुसार सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता आम मेवाड़ सेन समाज चारों चौखला के पूर्व अध्यक्ष रोशनलाल मेघरास ने की। मुख्य अतिथि के रूप में देवीलाल खारखन्दा मौजूद रहे। रामलाल सेमलिया और रामनिवास सेन कोशीथल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन नारायण सेन आरणी ने किया।

नई कार्यकारिणी में मदनलाल हीराखेड़ी को अध्यक्ष, रतनलाल सोनियाणा को युवा अध्यक्ष और रतनलाल हीराखेड़ी को सचिव बनाया गया। वहीं रामलाल उपरेड़ा एवं प्रकाश सोमी को उपाध्यक्ष, लादूलाल जगपुरा को कोषाध्यक्ष तथा भंवरलाल लसाड़िया खुर्द को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

संरक्षक मंडल में श्यामलाल जालमपुरा, गोवर्धनलाल उपरेड़ा, प्रभुलाल सिंहाना, दयाललाल मरमी और शिवलाल लसाड़िया कला को शामिल किया गया। संगठन मंत्री के रूप में रतनलाल पावली एवं मदनलाल लसाड़िया कला को जिम्मेदारी दी गई।

युवा संगठन में लादूलाल जालमपुरा को युवा संरक्षक तथा रतनलाल मान्यास को युवा उपाध्यक्ष बनाया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की एकता को मजबूत करने के साथ धार्मिक आयोजनों और सामाजिक कार्यों को नई गति दी जाएगी। मरमी माताजी के आशीर्वाद से समाज के विकास और उत्थान के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। बैठक के अंत में समाज में भाईचारा, सहयोग और एकजुटता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधे रक्षा सूत्र

**रक्षाबंधन पर पुलिस के समर्पण को किया नमन, सुरक्षा का संकल्प दोहराया**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



रक्षाबंधन के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से पुलिसकर्मियों के सम्मान में रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्गा वाहिनी की बहनों ने विभिन्न पुलिस थानों में पहुंचकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और उनके समर्पण एवं सेवाभाव के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि पुलिसकर्मी दिन-रात अपनी जान जोखिम में डालकर आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। त्योहारों के दौरान भी वे अपने परिवार से दूर रहकर ड्यूटी निभाते हैं। इसी सेवा भावना के सम्मान में दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर समाज की सुरक्षा के संकल्प को मजबूत किया। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत संधू, जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा, शहर कलेक्टर प्रतिभा देवठिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य सहित भीलवाड़ा के विभिन्न थानों के थानाधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधे गए।

कार्यक्रम में मातृशक्ति विभाग सह संयोजिका लक्ष्मी वर्मा, प्रांत सह संयोजिका सीमा पारीक, सुशीला राजपूत, युक्ता राठी, आस्था पारीक, वंशिका मोदी, हिमांशी शर्मा, खुशी जोशी, नविका मोदी और गर्विता पारीक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहीं।




# भीलवाड़ा नगर निगम चुनावः भाजपा ने वार्डवार दावेदारों के नामों पर किया मंथन

**जयपुर में आज होगा पैनल पर अंतिम मंथन, प्रत्येक वार्ड से तीन नाम किए जाएंगे तय**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। संभावित दावेदारों और आवेदकों के नामों पर चर्चा के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर निगम चुनाव प्रभारी वीरमदेव सिंह, सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला संगठन प्रभारी संजय जैन, सह प्रभारी मिठूलाल जाट और पूर्व विधायक विठ्ठलशंकर अवस्थी मौजूद रहे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में नगर निगम के सभी 70 वार्डों से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक आवेदकों और संभावित दावेदारों के नामों पर चर्चा की गई। पार्टी द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर नामों की छंटनी की गई। अब प्रत्येक वार्ड से शेष नामों में से तीन-तीन नामों का पैनल तैयार किया जाएगा।

**जयपुर में आज होगी अहम बैठक**

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के अनुसार गुरुवार सुबह 9 बजे जयपुर में अजमेर संभाग की बैठक आयोजित होगी। इसमें भीलवाड़ा जिले की नगर निगम सहित 10 नगर पालिकाओं के विभिन्न वार्डों के दावेदारों के पैनल पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में संभाग प्रभारी, सह प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी, निगम चुनाव प्रभारी, जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक और पूर्व विधायक सहित पार्टी के संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

बैठक में मंगलवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता की भी समीक्षा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं की सक्रियता और तैयारियों को लेकर चर्चा की।

बैठक में जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, रोशन मेघवंशी, मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल, मुकेश सोनी, ऋतुशेखर शर्मा और नागेंद्र सिंह राव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बनकाखेड़ा में कावड़ व डाक कावड़ के जल से किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**





( **सांवर वैष्णव** ):- सवाईपुर कस्बे के बनकाखेड़ा गांव में बुधवार को कावड़ यात्रा व डाक कावड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें त्रिवेणी संगम व कोठारी नदी किनारे से कावड़ लेकर बनकाखेड़ा पहुंचे, जल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया । कांवड़िए भोपाल जाट ने बताया कि बनकाखेड़ा में सावन के पवित्र माह में कावड़ यात्रा का आयोजन किया, जिसमें बुधवार दोपहर 12 बजे कोठारी नदी किनारे स्थित रतियाव के महादेव मंदिर से कावड़ यात्रा पूजा-अर्चना व भोलेनाथ की परिक्रमा कर जयघोष के साथ त शुरु हुई, कावड़ यात्रा में 30 कांवड़िए कांवड़ व 33 कलशों में जल लेकर प्रारंभ हुए, कावड़ यात्रा गाजे-बाजे के साथ गांव पहुंची, इस दौरान दोपहर 1:30 बजे मुख्य बस स्टैंड स्थित कल्पवृक्ष के महादेव मंदिर पर पहुंची । जहां महादेव जी का जलाभिषेक किया गया । वही दुसरी ओर सांवरमल जाट ने बताया कि युवाओं द्वारा डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया, जिसमें दोपहर 12:25 बजे त्रिवेणी संगम से डाक कावड़ शुरू की, जो नयागांव, कुड़ी, सवाईपुर, ढ़ेलाणा होते हुए बनकाखेड़ा गांव में कोठारी नदी किनारे स्थित रतियाव के महादेव जी मंदिर पर पहुंचे, जहां डाक कावड़ के जल से महादेव का जलाभिषेक किया गया, इस दौरान ग्रामीणों ने महादेव से क्षेत्र व घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की ।।

# पंडेर में निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस, गंगा-जमुनी संस्कृति की दिखी मिसाल

**हिंदू समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में पहुंचे मुस्लिम समाजजन**

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पंडेर कस्बे में मुस्लिम समाज की ओर से जुलूस निकाला गया। जुलूस जामा मस्जिद से रवाना होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचा। इस दौरान डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ समाजजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

जुलूस में पंडेर सहित आसपास के गांव टिटोड़ी, जामोली और बिहाड़ा से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस के मार्ग में स्थानीय हिंदू समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देखने को मिला।

बस स्टैंड पर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश जाट ने जामा मस्जिद के इमाम मौलाना दानिश मुस्तफा तथा अंजुमन कमेटी आम मुसलमान पंडेर के सदर खलील बिसायती का साफा बंधवाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

जुलूस के दौरान विभिन्न समुदायों के लोगों की सहभागिता और स्वागत ने कस्बे की गंगा-जमुनी संस्कृति और आपसी सौहार्द की तस्वीर पेश की।

# अमन-चैन का पैगाम देता है ईद मिलादुन्नबी पर्व, काछोला में निकला भव्य जुलूस





**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाने वाला ईद मिलादुन्नबी का पर्व काछोला कस्बे में हर्षोल्लास, अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज की ओर से भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। जुलूस के दौरान नात-ए-पाक, और पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं के संदेशों से माहौल गूंजता रहा।

जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की सीरत और शिक्षाओं को याद करते हुए समाज में प्रेम, भाईचारा, इंसानियत, शांति और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा और रास्ते में जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया।

पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम अशरफी ने कहा कि इस्लाम पूरी दुनिया को नफरत दूर कर अमन और शांति कायम करने का पैगाम देता है। उन्होंने पैगंबर-ए-इस्लाम की रिसालत, अजमत और फजीलत पर प्रकाश डालते हुए लोगों से सच्चाई, ईमानदारी और शरीयत के मुताबिक जिंदगी गुजारने की अपील की। उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब की शिक्षाएं पूरी इंसानियत के लिए मार्गदर्शन हैं और हमें आपसी प्रेम, भाईचारे तथा जरूरतमंदों की मदद की प्रेरणा देती हैं।

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर रात में घरों में इबादत एवं महफिल-ए-मिलाद का आयोजन भी किया गया। जामा मस्जिद सहित कई घरों में शानदार सजावट की गई। इसके बाद अकीदतमंद दरगाह परिसर पहुंचे, जहां 'आमद मरहबा, रसूल की आमद मरहबा ', 'रसूले खुदा की शान ', 'अल्लाह-हू-अकबर' और 'नारे रिसालत' जैसे नारे बुलंद किए गए।

महफिल-ए-मिलाद के साथ अकीदतमंदों ने हजरत निजामुद्दीन निजामी धोलाई वाले बाबा की दरगाह पर फूल एवं चादर शरीफ पेश की। वहीं मौलाना मोहम्मद शाह आलम अशरफी के सानिध्य में बाग वाले बाबा, तकिया वाले बाबा और धोलाई वाले बाबा की दरगाह पर भी अकीदत के फूल, चादर शरीफ एवं अगरबत्ती पेश कर दुआ की गई।

चादर शरीफ पेश करने के दौरान पैगंबर-ए-इस्लाम के जीवन और हदीसों से जुड़े संदेशों वाली तख्तियां एवं बैनर भी आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें मदीना शरीफ, मक्का-मदीना, ख्वाजा गरीब नवाज, आका हुसैन, धोलाई वाले बाबा, 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' तथा वतन से सच्ची मोहब्बत जैसे संदेश लिखे हुए थे।

जुलूस के दौरान बालकिशन शर्मा एवं पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहा। पुलिस प्रशासन द्वारा जुलूस के मार्ग पर कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी तथा अपने घर-परिवार के लिए अमन-चैन, खुशहाली, कामयाबी, उन्नति एवं प्रगति की दुआ की। साथ ही देश में शांति, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई।

समाजजनों ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी केवल खुशी मनाने का पर्व नहीं, बल्कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने और समाज में प्रेम, इंसानियत, भाईचारा एवं सद्भाव को मजबूत करने का अवसर है। काछोला में आयोजित कार्यक्रम और जुलूस के दौरान इसी अमन-चैन और सौहार्द का संदेश प्रमुख रूप से देखने को मिला।

इस मौके पर सैकड़ों आशिकाने रसूल मौजूद रहे और सभी ने मिलकर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ की।

# त्रिवेणी से मुंडला हनुमान मंदिर तक गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयघोष

## भव्य कावड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, शिव-पार्वती की झांकियां और अघोरी नृत्य रहे आकर्षण





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

श्रावण मास के पावन अवसर पर बुधवार को मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। त्रिवेणी संगम से होडा स्थित मुंडला हनुमान मंदिर तक निकली विशाल कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कावड़ यात्री शामिल हुए। भगवा ध्वजों, धार्मिक झांकियों और ढोल-नगाड़ों के बीच पूरा यात्रा मार्ग 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजता रहा।

यात्रा से पूर्व मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने सहपरिवार त्रिवेणी संगम स्थित महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सर्वमंगल की



कामना की। इसके बाद विधिवत रूप से कावड़ यात्रा रवाना हुई।

यात्रा में पश्चिम पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी वैदेही वल्लभ देवाचार्य एवं परम पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम रामेश्वरदास महाराज का सान्निध्य रहा। संतों की मौजूदगी से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया।

कावड़ यात्रा में भगवान शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ अघोरी नृत्य और ढोल-नगाड़ों की प्रस्तुतियों ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए।

कावड़ यात्रा के मुंडला हनुमान मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और हनुमानजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता भी नजर आई।

इस अवसर पर मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, मांडलगढ़ नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, बिजोलिया मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाल शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

## नगर पालिका कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर पालिका कर्मचारियों की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाता की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

रैली की शुरुआत पुरानी नगर पालिका महलों के चौक से हुई, जो त्रिमूर्ति चौराहे तक पहुंची। इस दौरान पालिका कर्मचारियों ने हाथों में स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लेकर मानव श्रृंखला बनाई और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। कर्मचारियों ने शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देते हुए लोगों से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की।

इस दौरान मतदान के महत्व और उद्देश्य की जानकारी देते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी को जरूरी बताया गया। रैली में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पुरुषोत्तम पंवार,




सहायक प्रशासनिक अधिकारी भारत कुमार वैष्णव, पालिका स्वच्छता प्रभारी विकास घूसर, कालूलाल सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# मन की फूटी बाल्टी को 'और' नहीं, संतोष के 'बस' से ही भरा जा सकता है : पुलकसागर

## राष्ट्र संत ने कहा सांसारिक इच्छाओं के पीछे भागने के बजाय जो मिला, उसमें संतोष और कृतज्ञता सीखें

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचंद पेसवानी**

राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि इंसान का पेट भोजन से भर सकता है, लेकिन मन इच्छाओं से कभी नहीं भरता। मन उस फूटी बाल्टी के समान है, जिसमें कितना भी पानी डाल दिया जाए, वह खाली ही रहती है। यदि इस बाल्टी में संतोष का पैंदा लगा दिया जाए तो जीवन आनंद से भर सकता है।

आचार्यश्री बुधवार को भीलवाड़ा में अपने प्रथम चातुर्मास के दौरान श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से चित्रकूटधाम में आयोजित ज्ञान गंगा महोत्सव में प्रवचन कर रहे थे।

उन्होंने संतोष को जीवन का सबसे बड़ा धन बताते हुए कहा कि जिसने संतोष पा लिया, उसे किसी दूसरे धन की आवश्यकता नहीं रहती। जीवन को सुखी बनाने का सरल मंत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि दुःखी होना है तो 'और' और सुखी होना है तो 'बस' कहना सीखें। 'और' की कोई सीमा नहीं है। एक इच्छा पूरी होते ही दूसरी इच्छा जन्म ले लेती है, जबकि 'बस' कहना सीखते ही जीवन में संतोष का प्रवेश होता है।

### पर्णकुटी में आनंद, महलों में अशांति

पुलकसागर महाराज ने कहा कि संतोष रूपी धन जिसके पास है, वह पर्णकुटी में भी आनंद से रह सकता है, जबकि असंतोषी व्यक्ति महलों में रहकर भी बेचैन रहता है। उन्होंने कहा कि जो नहीं मिला, उसके लिए दुखी होने के बजाय जो मिला है, उसके लिए परमात्मा का धन्यवाद करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मृत्यु के बाद स्वर्ग की कल्पना करने से बेहतर है कि व्यक्ति जीते-जी अपने जीवन को स्वर्ग बनाने का प्रयास करे। उपलब्धियों को गिनने से अधिक जरूरी उपलब्ध चीजों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना है।

### गलत विचार रिश्तों में पैदा कर सकते हैं दूरी

आचार्यश्री ने मन में नकारात्मक विचारों को स्थान नहीं देने की सीख देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के प्रति आया एक गलत विचार वर्षों पुराने रिश्ते और दोस्ती को प्रभावित कर सकता है। इसलिए गलत विचार को मन में पनपने से पहले ही रोक देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक बुराई कई अच्छाइयों पर भारी पड़ सकती है। सामने वाले की कमियां तलाशने के बजाय उसकी अच्छाइयों को देखने का प्रयास करना चाहिए। दृष्टि सद्भाव पर होगी तो दुनिया स्वर्ग जैसी लगेगी, जबकि अभाव पर नजर रहेगी तो यही दुनिया दुख का कारण बन जाएगी।

### चिंता छोड़ वर्तमान को बेहतर बनाएं

पुलकसागर महाराज ने कहा कि चिता मुर्दे को जलाती है, लेकिन चिंता जीवित इंसान को भीतर से खोखला कर देती है। व्यक्ति को अगले पल की जानकारी नहीं होती, फिर भी वह आने वाले वर्षों की चिंता में अपना वर्तमान गंवा देता है। उन्होंने कहा कि कल की चिंता छोड़कर आज में जीना सीखना चाहिए।


उन्होंने संतान के लिए आवश्यकता से अधिक धन जुटाने की होड़ पर भी विचार रखते हुए कहा कि योग्य संतान अपना जीवन स्वयं संभाल सकती है, जबकि अयोग्य संतान के लिए छोड़ा गया धन भी सुख का कारण नहीं बन सकता।

### 18 दिन चलेगी पर्युषण की आराधना

आचार्यश्री ने आगामी पर्युषण महापर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि अब त्याग और तपस्या की आध्यात्मिक धारा प्रवाहित होने वाली है। पहले आठ दिन श्वेतांबर जैन समाज और उसके बाद दस दिन दिगंबर जैन समाज पर्युषण महापर्व मनाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों समाज अलग-अलग समय पर पर्व मनाते हैं तो भी यह धार्मिक आराधना 18 दिनों तक चलेगी। उन्होंने भावपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि 'उनके पर्युषण भी हमारे होंगे और हमारे पर्युषण भी उनके होंगे। '

### दीप प्रज्वलन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रवचन से पहले दीप प्रज्वलन, आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य महेंद्रकुमार, दीपक एवं दिवित सोगानी परिवार ने प्राप्त किया। समाजसेवी गोविंद सोड़ाणी ने आचार्यश्री को श्रीफल समर्पित किया। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, संयोजक मनीष शाह, सह संयोजक



लोकेश अजमेरा सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों एवं सौभाग्यशाली परिवारों का स्वागत किया।

त्रिशला महिला मंडल की सदस्यों ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। आठ वर्षीय तक्ष्वी सोड़ाणी ने शिवपुराण मंत्रों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह ने किया।

### चित्रकूटधाम में उमड़े श्रद्धालु

ज्ञान गंगा महोत्सव में भीलवाड़ा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु चित्रकूटधाम पहुंचे। चातुर्मास के चलते चित्रकूटधाम धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

महोत्सव के तहत 30 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक प्रवचन होंगे। वहीं शाम 7 से 8 बजे तक आनंद यात्रा एवं आरती का आयोजन किया जा रहा है।

आचार्य पुलकसागर महाराज के प्रवचन का सार यही रहा कि जीवन में सुख पाने के लिए संसार को बदलने के बजाय अपनी दृष्टि, विचार और इच्छाओं को बदलना जरूरी है। मन की फूटी बाल्टी इच्छाओं के 'और' से नहीं, संतोष के 'बस' से ही भर सकती है।

QUICK BITES

# तिलस्वां महादेव में सावन समापन पर पूर्णावती, श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**नरेश धाकड़।** उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल तिलस्वां महादेव में सावन माह के समापन के अवसर पर पूर्णावती कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

सावन माह के समापन पर तिलस्वां महादेव ट्रस्ट की ओर से विधिवत हवन, पूजा-पाठ, रुद्राभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। मंत्रोच्चार के बीच हुए धार्मिक कार्यक्रमों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

ट्रस्ट की ओर से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। मंदिर परिसर में ठहरने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसादी की व्यवस्था भी की गई, ताकि धार्मिक आयोजन में शामिल होने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आयोजन के लिए आभार जताया।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद्र अहीर, सचिव मांगीलाल धाकड़, फूलचंद कराड़, सुगनलाल धाकड़ सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी, सेवाभावी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सावन माह के दौरान मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के सफल समापन पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# उदलियास माफी में निकाली ठाकुर जी शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के उदलियास माफी गांव में बुधवार को ठाकुर जी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भक्तगण नाचते गाते चले और शोभायात्रा का पुष्प वर्षा किया गया । आयोजक शिवलाल वैष्णव ने बताया कि बुधवार सायं 3:15 बजे चारभुजा नाथ मंदिर से शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई, जो गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची, ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, वही भक्तिमय भजनों पर महिलाएं नाचती गाती चली ।।

# कर्मो का जाल तोड़ना है तो 'मगर' से मुक्ति पानी होगी-आचार्य रामदयालजी महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा:**



राम नाम श्रवण करने से पशुओं का भी उद्धार हो जाता है पर हमे राम नाम बोलने के लिए भी समय की कमी लगती। मनुष्य बनकर भी परमात्मा को याद नहीं कर पाते है तो फिर श्रेष्ठता कैसे हो सकती है। हम कहते है सत्संग में जाना तो चाहता हूं, भक्ति करना तो चाहता हूं मगर क्या करू समय ही नहीं मिलता। अपने भविष्य की राह में 'मगर' को बाधक नहीं बनने दे। कर्मो का जाल तोड़ने के लिए मगर से मुक्ति पानी होगी। मगर के शिंकजे से न तो पत्नी न बच्चें कोई बल छुड़ा सकता केवल राम नाम का कीर्तन व सत्संग ही मगर से मुक्त करा सकता है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने बुधवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि श्रवण भक्ति अनुपम होती है, मगर ने राम नाम श्रवण किया तो भी उसका उद्धार हो गया। राम भक्ति के बिना संसार में सब व्यर्थ है। राम नाम लेने ओर सुनने से उद्धार होता है। आचार्यश्री ने कहा कि हम स्वतंत्र बने ओर स्वच्छन्दता से दूर रहे पर हम शास्त्रीय नियमों से बंधे रहे। धर्म, संस्कृति सबके नियम ओर मर्यादा होती है जिनकी पालना करनी चाहिए। मर्यादा से जीने वाले का उत्थान होता है। उन्होंने कहा कि हम शरीर से मोह नहीं रख आत्मा के कल्याण के लिए धर्म सत्संग करते रहे। जिस शरीर से मोह रखते वह एक दिन अवश्य धोखा देकर छोड़ जाएगा। हम शरीर को अपना मानते पर वह हमे अपना नहीं मानता। मृत्यु कब आएगी कोई नहीं जानता इसलिए हमेशा तैयार रहे।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि हमेशा अपनी वाणी में मधुरता, व्यवहार में उदारता ओर विचारों में महानता रखे। ऐसा व्यक्ति जाएगा तो लोग कहेंगे दुनिया से अच्छा आदमी चला गया ओर कुछ ऐसे भी होते जिनके जाने पर लोग कहते दुनिया का भार कम हुआ। हम किसी का भला नहीं कर सकते तो बुरा भी नहीं करे, किसी को सुख नहीं दे सकते तो दुःख भी मत दो। उन्होंने कहा कि जो परमात्मा की भक्ति में डूब जाता उसका जीवन सार्थक हो जाता है। भगवान के नाम का जाप करने से जीभ भी पवित्र हो जाती है। अपनी प्रज्ञा को जागृत करे एवं आत्मचिंतन करे। भगवान की भक्ति में इतनी शक्ति है कि वह भक्त के सारे मनोरथ पूर्ण कर सकती है। आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में दैनिक सत्संग का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।